संख्या : 5451/1–10–2007 /2007

प्रेषक,

**उमेश सिन्हा,**
सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**श्री अनिल कुमार सिंह,**
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग,
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग –10 दिनांक : दिसम्बर 24 , 2007

विषय : **रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर, उ0प्र0 से प्रदेश के सूखाग्रस्त जनपदों में भू–गर्भ जल अध्ययन हेतु धनराशि का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने अर्द्ध शा0प0सं0 2160/45 वि/2007 दिनांक 14.12.2007 का अवलोकन करना चाहें, जिसके द्वारा उ0प्र0 के 09 सूखाग्रस्त जनपदों (बॉदा, चित्रकूट, झॉसी, हमीरपुर, महोबा, जालौन, ललितपुर, मिर्जापुर एवं सोनभद्र) में अध्ययन हेतु परियोजना प्रस्ताव राहत आयुक्त कोष से वित्त पोषण हेतु प्रेषित किया है।

उक्त परियोजना को उपरोक्त संदर्भित जनपदों में भू–जल की खोज हेतु हैण्डपम्प, ट्यूबवेल, बोरवेल के स्थलों के चयन में सहायक होने के बिन्दु पर दिनांक 18.12.2007 को राज्य स्तरीय आपदा राहत समिति अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। अतः आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुये प्रस्ताव में अंकित धनराशि 52,65,000/– रुपये (रु0 बावन लाख पैसठ हजार मात्र) की स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा प्रदान की जाती है।

उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2007–08 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक ''2245 –प्राकृतिक विपत्तियॉ के कारण राहत–आयोजनेतर–05–आपदा राहत निधि–800–अन्य–03–राष्ट्रीय आपदा निधि से व्यय–42–अन्य व्यय'' के नामे डाला जायेगा।

उक्त कार्य विलम्बतम 20 फरवरी, 2008 तक पूर्ण किया जाना होगा तथा अपनी रिपोर्ट की 4 प्रतियॉं सम्बन्धित जनपद के जल निगम के वरिष्ठतम अधिकारी/जिलाधिकारी/मण्डलायुक्त तथा राहत आयुक्त संगठन को साप्ताहिक रूप से प्रेषित करनी होगी।

उक्त कार्य हेतु आवंटित धनराशि में से यदि कोई बचत होती है तो उसे तदनुसार राहत आयुक्त कार्यालय को विलम्बतम 15 मार्च, 2008 तक वापस करनी होगी।

उक्त के सम्बन्ध में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट सं0 497580 दिनांक 24.12.2007 संलग्न कर प्रेषित है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें एवं इसे अविलम्ब निदेशक, रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर उ0प्र0 को भिजवाने का कष्ट करें।

संलग्नक : **बैंक ड्राफ्ट अंकन रु0 52.65 लाख।**

भवदीय,

( उमेश सिन्हा )
सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त

संख्या : 5451(1)/1-10-2007/2007 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निदेशक, रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर उ0प्र0।
2. महालेखाकार(लेखा)/महालेखाकार(आडिट प्रथम) उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग –5।
4. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, राहत आयुक्त संगठन।
5. राजस्व अनुभाग –10/11 को गार्ड बुक हेतु।
6. श्री ऋषि चोपड़ा, आई0टी0 सहायक, यू0एन0डी0पी0 को बेवसाइट पर अपडेट हेतु।
7. गार्ड फाईल।

( उमेश सिन्हा )
सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त